# UPPCS 2020 परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## Paper-I

### खण्ड - A

1. (a) प्लेट विवर्तनिकी के सिद्धांत का वर्णन कीजिए तथा दो समान एवं दो भिन्न प्लेटों के टकराव से होने वाले प्रभाव की व्याख्या कीजिए।
   (b) पवन द्वारा निर्मित अपरदनात्मक स्थलरूपों का वर्णन कीजिए।
   (c) निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखें:
   (i) वलन के प्रकार
   (ii) ब्लॉक पर्वत
   (iii) अण्डे की टोकरी की स्थलाकृति

2. (a) तापीय एवं नवीन संकल्पनाओं के संदर्भ में मानसून की उत्पत्ति की विवेचना कीजिए।
   (b) उष्ण कटिबन्धीय और शीतोष्ण कटिबन्धीय चक्रवातों की तुलना कीजिए।
   (c) जेट स्ट्रीम का वर्णन कीजिए तथा इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

3. (a) महासागरीय धाराओं को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करते हुए प्रशांत महासागर की धाराओं का वर्णन कीजिए।
   (b) प्रवाल विरंजन का एक तर्कसंगत विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (c) स्रोत के आधार पर महासागरीय निक्षेपों का वर्गीकरण कीजिए तथा स्थलीय निक्षेप का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।

4. (a) पारिस्थितिकी तंत्र से आप क्या समझते हैं? पारिस्थितिकी तंत्र के घटकों की व्याख्या कीजिए।
   (b) मृदा और प्राकृतिक वनस्पति के पारस्परिक सहजीवी संबंधों की विवेचना कीजिए।
   (c) जैव क्षेत्र क्या हैं? सवाना जैवक्षेत्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

### खण्ड - B

5. (a) मानव-वातवरण सम्बन्ध के अध्ययन में नियतिवाद की संकल्पना का एक आलोचनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (b) उत्तर आधुनिकतावाद से आप क्या समझते है? नारीवादी भूगोल के क्षेत्र के उत्तर आधुनिकतावाद की हाल की प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए।
   (c) निम्नलिखित पर व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखें-
   (i) जेरने डी वाय
   (ii) कोरोलॉजी

6. (a) किकसित और विकासशील देशों की समकालीन जनसंख्या की समस्याओं की व्याख्या कीजिए।
   (b) अंतर्राष्ट्रीय स्थानान्तरण के अभिनव प्रवृत्तियों की समीक्षा कीजिए।
   (c) विश्व की प्रमुख मानव प्रजातियों का वितरण तथा उनके भौतिक लक्षणों का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत कीजिए।

GS World Committed To Excellence

7. (a) नगरों की उत्पत्ति एवं विकास के उत्तरदायी कारकों का वर्णन कीजिए।
(b) नगरों के कार्यात्मक वर्गीकरण का वर्णन कीजिए।
(c) गहन निर्वाह कृषि और व्यापक निर्वाह कृषि की तुलना कीजिए।

8. (a) विश्व के आर्थिक विकास पर वैश्वीकरण के प्रभाव का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।
(b) संघीयता को परिभाषित कीजिए तथा इसकी उत्पत्ति और विकास के उपयुक्त भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।
(c) राष्ट्र और राज्य की अवधारणा का वर्णन कीजिए।

# Paper-II

## खण्ड – A

1. (a) दक्कन पठार की भूगर्भिक संरचना का वर्णन कीजिए।
(b) भारत के वनस्पति एवं जलवायु प्रदेशों के मध्य सह-संबंध स्पष्ट कीजिए।
(c) भारत में विकास के लिए भूक्षरण एवं वनों का ह्रास दोनों की चुनौतियाँ एवं मुद्दे हैं – उदाहरणों सहित व्याख्या कीजिए।

2. (a) भारत में हॉट-स्पॉट्स का विस्तृत विवरण दीजिए।
(b) भारत के किसी एक राज्य के लिए आपदा प्रबंधन की कार्य योजना तेयार कीजिए।
(c) पर्यटन के विकास में वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार की भूमिका का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

3. (a) 'जनसंख्या एक तेल की बूँद की तरह नहीं फैली है, बल्कि इसका फैलाव प्रवाल के पुंजों की तरह हुआ है' – भारत में नगरीकरण को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कथन की न्यायोचित व्याख्या कीजिए।
(b) ई. बाइलुण्ड द्वारा प्रतिपादित ग्रामीण अधिवास विसरण मॉडल की सचित्र विवचेना कीजिए।
(c) किसी नगर के अमैण्ड (प्रभावक्षेत्र) में प्रचलित क्रियाकलापों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

4. (a) भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं से संबंधित भू-राजनीति को उदाहरणों सहित समझाइए।
(b) भारत में पायी जाने वाली प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विविधताओं का विस्तारपूर्णक विवरण प्रस्तुत कीजिए।
(c) किसी राज्य के पुनर्गठन को नियंत्रित करने वाले भौगोलिक कारकों का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड – B

5. (a) कृषि उत्पादकता का क्या अर्थ है? मोहम्मद शफी द्वारा अपनायी गई कृषि उत्पादकता निर्धारण की विधि का उल्लेख कीजिए।
(b) हरित क्रांति से आप क्या समझते हैं? भारत में हरित क्रांति के गुण-दोषों की विवेचना कीजिए।
(c) भारत के कृषि प्रदेशों का उल्लेख करते हुए, किसी एक का विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए।

6. (a) भारत में सौर-ऊर्जा के उज्जवल भविष्य पर एक निबंध लिखिए।
(b) भारत में जलीय संसाधनों की उपलब्धता एवं संभाव्यता को स्पष्ट कीजिए।
(c) लौहयुक्त और अलौह खनिजों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

7. (a) किसी प्रदेश के संतुलित विकास के लिए, केन्द्रीयकरण की अपेक्षा उद्योगों का विकेंद्रीकरण आवश्यक है – क्या आप इस कथन से सहमत हैं?
(b) किसी एक विशेष स्थान पर चीनी उद्योग को स्थापित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।
(c) भारत सरकार द्वारा जल परिवहन को विकसित करने के लिए किए गए नूतन प्रयोसों का उल्लेख कीजिए।

8. (a) भारत के नियोजन प्रदेशों का विवरण प्रस्तुत कीजिए।
(b) भारत में जनजातियों के उत्थान हेतु अपने सुझाव दीजिए।
(c) भारत के सूखा-ग्रस्त क्षेत्रों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

GS World Committed To Excellence

# UPPCS 2019 परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## Paper-I

### खण्ड - A

1. (a) डब्लू.एम. डेविस द्वारा प्रतिपादित कथन "स्थलरूप संरचना, प्रक्रम तथा समय का प्रतिफल होता है" की व्याख्या कीजिए।
   (b) भौतिक अपक्षय के विभिन्न प्रक्रियाओं की विवेचना कीजिए।
   (c) सर जार्ज एयरी तथा ए.प्राट के संतुलन संकल्पनाओं की तुलना कीजिए।

2. (a) विभिन्न प्रकार की वर्षा तथा उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
   (b) वाताग्र तथा वाताग्र उत्पत्ति का वर्णन कीजिए।
   (c) स्थानीय हवाओं पर एक व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिए।

3. (a) सागरीय लवणता के वितरण को नियंत्रित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।
   (b) ज्वार-भाटा उत्पत्ति की प्रगामी सिद्धांत का आलोचनात्मक विवेचना कीजिए।
   (c) महाद्वीपीय मग्न तट तथा महाद्वीपीय मग्न ढाल में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. (a) पारिस्थितिक तंत्र की परिभाषा दीजिए तथा उसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
   (b) जीवीय अनुक्रमण को परिभाषित कीजिए तथा प्राथमिक अनुक्रमण के विभिन्न अवस्थाओं का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
   (c) पारिस्थितिक तंत्र पर मानव के प्रतिकूल प्रभाव की व्याख्या कीजिए।

### खण्ड - B

5. (a) कार्ल रीटर तथा वान हम्बोल्ट के भौगोलिक विचारों एवं दर्शन की तुलना कीजिए।
   (b) मानव भूगोल के विकास में फ्रेडरिक रेटजल के योगदान पर प्रकाश डालिए।
   (c) प्रत्यक्षवाद के आप क्या समझते हैं? प्रत्यक्षवाद की विशेषताओं का वण्रन कीजिए।

6. (a) विकासशील देशों में उच्च जनसंख्या वृद्धि के कारणों की व्याख्या कीजिए।
   (b) विश्व के सांस्कृतिक परिमंडलों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (c) ग्रामीण-नगरीय उपांत की परिभाषा लिखिए और इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

7. (a) ग्रामीण अधिवास के प्रकार एवं प्रतिरूप की व्याख्या कीजिए।
   (b) वेबर द्वारा प्रस्तुत औद्योगिक अवस्थिति सिद्धांत की विवेचना कीजिए।
   (c) विश्व में स्थान परिवर्तनशील कृषि के वितरण तथा इसकी विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

8. (a) विश्व ऊर्जा संकट तथा इसके विकल्प पर प्रकाश डालिए।
   (b) रिम्लैंड संकलपना की समीक्षा कीजिए।
   (c) सीमाएं और सीमांत प्रदेश में अंतर स्पष्ट कीजिए।

GS World Committed To Excellence

# Paper-II

## खण्ड - A

1. (a) उत्तर भारत और दक्षिण भारत के नदी तंत्र के बीच के अन्तर को स्पष्ट कीजिए।
   (b) भारतीय मानसून की उत्पत्ति एवं प्रक्रिया का आलोचनात्मक वर्णन कीजिए।
   (c) भारत की प्राकृतिक वनस्पति के प्रकार एवं उसके स्थानिक वितरण की विवेचना कीजिए।
2. (a) वन्यजीव से आप क्या समझते हैं? भारत सरकार के द्वारा वन्यजीव को संरक्षित करने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं?
   (b) भारत में 'जैवमण्डल अगार' के निर्माण के पीछे क्या उद्देश्य रहा है? किस सीमा तक इन उद्देश्यों की प्राप्ति हुई है?
   (c) बाढ़ के क्या कारण हैं? भारत का कौन-सा क्षेत्र बाढ़ के अधिकतर प्रभावित है और इसे किस तरह कम किया जा सकता है?

3. (a) सन् 1901 ई. से भारत की जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति का विवरण दीजिए।
   (b) मध्य गंगा मैदान में ग्रामीण अधिवास के प्रकार पर संक्षिप्त नोट लिखें।
   (c) भारतीय जनगणना विभाग के द्वारा नगर को परिभाषित करने के लिए उपनाए गए मानदंडों पर आलोचनात्मक टिप्पणी लिखिए।

4. (a) 'स्मार्ट गाँव की संकल्पना का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
   (b) दक्षिण एशियाई प्रदेश में सहयोग एवं शांति स्थापित करने में भारत में भूमिका पर प्रकाश डालिए।
   (c) भारतीय संदर्भ में 'विविधता में एकता' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड - B

5. (a) भारतीय कृषि की मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए।
   (b) कृषि पारिस्थितिकी प्रदेश क्या है? भारत को कृषि पारिस्थितिकी प्रदेश में विभाजित कर किन्हीं दो प्रदेशों का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
   (c) विगत 50 वर्षों में भारतीय कृषि के आधुनिकीकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

6. (a) भारत में कोयला के प्रादेशिक वितरण एवं उसके उपयोग प्रतिरूप पर प्रकाश डालिए।
   (b) बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना क्या है? किसी क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि लाने में यह किस सीमा तक सफल रहा है?
   (c) भारत में ऊर्जा संकट एवं ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

7. (a) पूर्वी भारत में लौह और इस्पात उद्योग के वितरण प्रतिरूप को उनके स्थानीयकरण कारकों के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।
   (b) भारत में रेलमार्ग के वृद्धि, विकास एवं क्षेत्रीय वितरण प्रतिरूप पर प्रकाश डालिए।
   (c) भारत में 'स्वर्णिम चतुर्भुज योजना' पर एक संक्षिपत टिप्पणी लिखिए।

8. (a) महानगर की योजना की एक रूपरेखा तैयार कीजिए।
   (b) उत्तर भारत के जल परिवहन से जुड़ी संभावना एवं समस्या को चिन्हांकित कीजिए।
   (c) 'सतत विकास के लिए नियोजन' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखें।

GS World Committed To Excellence

# UPPCS 2018 परीक्षा में पूछे गए भूगोल (वैकल्पिक विषय) के प्रश्न-पत्र

## Paper-I

### खण्ड - A

1. (a) पृथ्वी की उत्पत्ति में जीन्स एवं जेफरीज की ज्वारीय परिकल्पना की व्याख्या कीजिए।
   (b) भौगोलिक अपरदन चक्र के डेविस एवं पेन्क के विचारों की तुलना कीजिए।
   (c) हिमनदी के निक्षेपण क्रिया द्वारा निर्मित स्थलरूपों का वर्णन कीजिए।

2. (a) सूर्याभिताप के वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों की विवेचना कीजिए।
   (b) संसार की जलवायु का कोपेन द्वारा वर्गीकरण का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
   (c) उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की उत्पत्ति, विकास एवं विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।

3. (a) महासागर निक्षेप का संक्षिप्त विवरण दीजिए।
   (b) महासागरीय धाराओं की सामान्य विशेषताओं को अंकित करते हुए, अटलांटिक महासागर की धाराओं की परीक्षा कीजिए।
   (c) पुनर्युवनिक भू-आकृतियों पर संक्षेप में टिप्पणी कीजिए।

4. (a) मिट्टी के निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षिप्त व्याख्या करते हुए, किसी एक मिट्टी के प्रकार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
   (b) किसी जलाशय के संदर्भ में पारितंत्र के कार्य एवं संरचना की परीक्षा कीजिए।
   (c) संसार के उष्णटिबंधीय वर्षा वन बायोम (जैवक्षेत्र) का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

GS World Committed To Excellence

### खण्ड - B

5. (a) फ्रांस में प्रादेशिक भूगोल के विकास में पाल वाइडल डी ला ब्लाश के योगदान की परीक्षा कीजिए।
   (b) प्राचीन भारत में भौगोलिक ज्ञान के विकास को दर्शाइये।
   (c) भूगोल में व्यवहारगत उपागम पर टिप्पणी लिखिए।

6. (a) विश्व में पहचाने गये प्रमुख मानव प्रजाति समूहों का विवरण दीजिए।
   (b) संसार के विकसित एवं विकासशील देशों के संदर्भ में जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
   (c) अंतर्राष्ट्रीय स्थानान्तरण के अभिनव प्रवृत्तियों की व्याख्या कीजिए।

7. (a) अधिवासों की उत्पत्ति एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारकों की परीक्षा कीजिए।
   (b) क्रिस्टालर द्वारा विकसित केंद्रीय स्थल सिद्धांत की व्याख्या कीजिए।
   (c) ह्वीटिल्सी द्वारा विकसित किया गया विश्व के कृषि प्रदेशों का वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए।

8. (a) संसाधनों के सरंक्षण एवं प्रबंधन की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए।
   (b) मैंकिंडर द्वारा प्रस्तुत हृदयस्थल सिद्धांत की विवेचना कीजिए।
   (c) संसार में समकालीन भू-राजनीतिक मुद्दों पर व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिये।

# Paper-II

## खण्ड - A

1. (a) कोपेन के भारतीय जलवायु के वर्गीकरण का एक विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (b) भारत के प्रमुख मिट्टी प्रकारों की मुख्य विशेषताओं की विवेचना कीजिए।
   (c) भारत को भू-आकृतिक प्रदेशों में विभाजित कीजिए तथा दक्कन प्रदेश की विशेषता की विवेचना कीजिए।

2. (a) भारत में नगरीकरण की प्रमुख प्रवृत्तियों का वर्णन कीजिए।
   (b) भारत के प्रमुख जैव विविधता हाट स्पॉट का विवरण दीजिए।
   (c) आमलैन्ड की संकल्पना की व्याख्या कीजिए तथा इसके सीमांकन के मानकों एवं विधियों की विवेचना कीजिए।

3. (a) भारत के वन सम्पदा का विवरण दीजिए तथा इसके संरक्षण एवं नियोजन हेतु अपनाये गये उपायों को विवेचना कीजिए।
   (b) भारत में आर्द्रभूमि के निम्नकरण तथा संरक्षण की समस्याओं का सकारण विवरण दीजिए।
   (c) भारत में विभिन्न प्रकार के पर्यटन की स्थिति पर एक व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिए।

4. (a) भारत-पाकिस्तान सीमा विवाद की विवेचना कीजिए तथा इससे संबंधित भू-राजनैतिक मुद्दों पर प्रकाश डालिए।
   (b) प्रादेशिक शांति एवं सुरक्षा में हिन्द महासागर के भू-राजनैतिक महत्व की व्याख्या कीजिए।
   (c) भारतीय नगरों के नियोजन में स्मार्ट सिटी संकल्पना के महत्व का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

## खण्ड - B

5. (a) भारत में कृषि-जलवायु प्रदेशों की पहचान कीजिए तथा गंगा के मैदान के कृषि-जलवायु प्रदेशों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कीजिए।
   (b) भारत में हरित क्रांति के प्रभावों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
   (c) भारत के प्रमुख भूमि सुधारों का वर्णन कीजिए तथा भारतीय कृषि पर उनके प्रभावों का आकलन कीजिए।

6. (a) भारत के औद्योगिक प्रदेशों का विवरण दीजिए।
   (b) भारत के वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की विवेचना कीजिए।
   (c) भारत के समुद्री संसाधनों पर टिप्पणी लिखिए।

7. (a) भारत में पेट्रो-रासायनिक उद्योगों का विवरण दीजिए।
   (b) भारत में वायु परिवहन की समस्याओं एवं संभावनाओं की विवेचना कीजिए।
   (c) भारत के प्रादेशिक विकास में बहुस्तरीय नियोजन में महत्व पर प्रकाश डालिए।

8. (a) भारत में विकास विषमता की समस्याओं की विवेचना कीजिए तथा उनके उपशमन के उपयुक्त उपायों को सुझाइये।
   (b) भारत के जनजातीय क्षेत्रों के कुशल क्षेम योजनाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन प्रस्तुत कीजिए।
   (c) भारत में आंतरिक जल यातायात के महत्व पर व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिए।

GS World Committed To Excellence